# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–07.12.2024 (संध्या 1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर, एक्सएलआरआई जमशेदपुर के प्लेटिनम जुबली समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हुए शामिल।**
2. **निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को मिली जमानत, मनी लाउंड्रिंग मामले में 28 महीनों से हैं जेल में बंद।**
3. **टेंडर कमीशन घोटाला मामले में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम सहित 12 आरोपियों के खिलाफ आरोप गठित, पीएमएलए की विशेश कोर्ट ने ईडी को साक्ष्य प्रस्तुत करने का दिया निर्देश।**
4. **झारखंड में पोलियो मुक्त स्थिति को बनाये रखने के लिए उच्च जोखिम वाले सात जिलों में कल से चलाया जाएगा पोलियो प्रतिरक्षण अभियान।**
5. **झारखंड समेत पूरे देश में आज सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जा रहा है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर लोगों से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में योगदान देने का किया आग्रह।**

***************

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान आज से झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर हैं। वे आज एक्सएलआरआई जमशेदपुर के प्लेटिनम जुबली समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में एक्सएलआरआई जमशेदपुर को शुभकामनाएं दीं और कहा कि ये संस्थान पिछले सात दशकों से प्रबंधन शिक्षा और अनुसंधान में उत्कृष्टता का प्रतीक रहा है। इससे पहले उन्होंने आज रांची स्थित राजभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल और केन्द्रीय मंत्री के बीच राज्य की शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार–विमर्श हुआ।

***************

निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को बड़ी राहत मिली है। आज कोर्ट ने उनकी याचिका पर फैसला सुनाते हुए दो–दो लाख रुपये के निजी मुचलके पर उन्हें जमानत देने का आदेश दिया है। इसके अलावा उन्हें अपना पासपोर्ट कोर्ट में जमा करना होगा। कागजी कार्रवाई के बाद ही वे जेल से बाहर निकल पायेंगी। उन्होंने नये कानूनी प्रावधानों के तहत कस्टडी के आधार पर जेल से रिहाई की गुहार लगाई थी। उनकी याचिका पर रांची PMLA (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष अदालत में सुनवाई हुई। इससे पहले अदालत ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के अधीक्षक को आदेश दिया था कि वे पूजा सिंघल की न्यायिक हिरासत की पूरी अवधि के बारे में जानकारी दें। जेल प्रशासन ने अदालत में जवाब दाखिल किया, जिसके आधार पर यह फैसला लिया गया।

***************

टेंडर कमीशन घोटाला मामले में जेल में बंद झारखंड के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम सहित 12 आरोपितों के खिलाफ आरोप गठित कर दिया गया है। पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने ईडी को गवाह पेश करने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि टेंडर कमीशन घोटाला मामले को लेकर ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के ठिकाने से लगभग 32 करोड़ 30 लाख रूपये कैश बरामद किए थे। इसके बाद पूर्व मंत्री आलमगीर आलम से दो दिनों की पूछताछ के बाद ईडी ने 15 मई को उन्हें गिरफ्तार कर लिया था।

***************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मईयां सम्मान योजना को लेकर एक बार फिर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। अपने सोशल मीडिया के एक्स हैंडल पर एक पोस्ट पर उन्होंने कहा है कि हजारीबाग जिले सहित पूरे झारखंड में महिलाएं **'मंईयां सम्मान योजना'** के तहत मिलने वाली राशि के लिए अंचल कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं, कई महिलाओं ने चार से पांच बार आवेदन किया लेकिन फिर भी उनके खातों में सम्मान राशि जमा नहीं हुई।

***************

झारखंड में पोलियो मुक्त स्थिति को बनाये रखने के लिए उच्च जोखिम वाले सात जिलों में कल से पोलियो प्रतिरक्षण अभियान चलाया जाएगा। इन जिलों में बोकारो, देवघर, गिरिडीह, जामताड़ा, पाकुड़, रामगढ़ और साहेबगंज शामिल हैं। गिरिडीह के उपायुक्त नमन प्रेयस लकड़ा ने सभी से अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

***************

राज्य स्तर टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत आज 100 दिवसीय अभियान की शुरूआत रांची सदर अस्पताल से की गई। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और विधायक सी पी सिंह ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर इस अभियान की शुरूआत की। मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मार्च–2025 तक भारत को टीवी मुक्त बनाने का लक्ष्य है और इसके लिए भारत सरकार लगातार काम कर रही है।

***************

झारखंड समेत पूरे देश में आज सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अपने संदेश में कहा कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस देश के साहसी सैनिकों की वीरता, दृढ़ संकल्प और बलिदान को सम्मान देने का दिन है। श्री मोदी ने कहा कि उनकी बहादुरी प्रेरणा देती है और उनका बलिदान सभी को विनम्र बनाता है। उन्होंने लोगों से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में योगदान देने का भी आग्रह किया।

***************

सरायकेला–खरसावां जिला पुलिस को ब्राउन शुगर की रोकथाम में बड़ी सफलता मिली है। एसडीपीओ समीर कुमार सवैया के नेतृत्व में हुई छापेमारी में आज पुलिस ने तीन महिलाओं को ब्राउन शुगर की खरीद–बिक्री में संलिप्त पाते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मुकेश नायक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया कि इनके पास से 35 ग्राम की अवैध ब्राउन शुगर बरामद की गयी, जिसकी अनुमानित कीमत 7 लाख रुपए है।

***************

जामताड़ा जिला प्रशासन द्वारा महिला हिंसा पर विराम लगाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इस सिलसिले में आज ज़िले के नारायणपुर प्रखंड में कार्यशाला, रैली, विचार गोष्ठी, शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मुरलीधर यादव ने कहा कि महिलाओं को जागरूक करने के लिए ये कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

***************

रामगढ़ जिले में किसानों के विकास के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं।

***************

बंगाल की खाड़ी में बन रहे एक पश्चिमी विक्षोभ का असर झारखंड में अगले दो दिनों तक रहने का अनुमान व्यक्त किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के कारण आठ और नौ दिसंबर को इस दौरान लगभग सभी जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि इस दौरान अधिकतम तापमान में कमी आयेगी और न्यूनतम तापमान बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि दस दिसंबर से इसका असर समाप्त हो जायेगा, जिसके बाद ठंड और बढ़ जायेगी।

*******समाप्त*******